तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 21 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 निःशुल्क पानी टैंकर का किया शुभारंभ



12 निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक ने किया ...



## चिंतनीय : 47 गांवों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने के बाद कोडार क्षीणकाय

# कोडार जलाशय में छह सालों में सबसे कम मात्र साढ़े 5 फीट ही पानी शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोडार बांध के आरबीसी एवं एलबीसी

- वर्ष 2022 में 5.70 और 2024 में 7.30 फीट पानी शेष था

नहर से 34 दिनों में लगभग 47 गांवों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ने के बाद अब बांध में मात्र साढ़े पांच फीट (20 मई की स्थिति में) ही पानी बचा है, जो पिछले छह सालों में सबसे कम स्तर पर है। इससे पहले वर्ष 2022 में 5.70 फीट और 2024 में 7.30 फीट पानी शेष था।

बता दें कि पिछले दो सालों से बरसात में अच्छी बारिश न होने से कोडार बांध भी भर नहीं पाया है। इधर, गर्मी के कारण भी जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। गांवों में निस्तारी की समस्या से निजात दिलाने 1 अप्रैल से 4 मई तक कोडार बांध के आरबीसी नहर से 18 गांव एलबीसी नहर से 29 गांवों को पानी दिया गया। जानकारी के अनुसार निस्तारी के लिए पानी देने से पूर्व कोडार में 10.80 फीट पानी था। 34 दिनों बारी-बारी से दोनों नहरों से पानी देने के बाद 5.70 फीट पानी बचा था। इधर, इन 16 दिनों में जल स्तर घटकर 5.50 फीट (कुल क्षमता का 7.5 प्रतिशत) हो गया है, जो पिछले छह सालों में सबसे कम है। तालाबों को पानी देने के बाद कोडार बांध के गेट को बंद कर दिया गया है। 2024 के मानसून सीजन में अच्छी बारिश न होने से कोडार बांध नहीं भर पाया था। इस कारण इस वर्ष रबी फसल के लिए भी किसानों को पानी नहीं दिया गया। केवल निस्तारी के लिए पानी दिया गया। कोडार बांध मानसून पर निर्भर है। मानसून अच्छा होने पर बांध में जलस्तर अच्छा होता है और बारिश न होने पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता है। लघु जलाशय भी मानसून की बारिश पर ही निर्भर हैं। इस वर्ष भी मानसून सामान्य रहने की संभावना जताई गई है। किसान अच्छी बारिश की उमीद लगाए हुए हैं। वैसे भी गर्मी के मौसम में छोटे-बांधों की देखरेख नहीं होती। ज्यादातर छोटे जलाशय सूख जाते हैं। महासमुंद जिले में 100 लघु जलाशय हैं और दो बड़े जलाशय हैं। ज्यादातर लघु जलाशयों में 25 फीसदी भी पानी नहीं है।



### कोड़ार बांध को भरने की योजना

कोडार बांध को सिकासेर बांध के पानी से भरने की योजना है, लेकिन अब तक यह योजना धरातल पर नहीं उतरी है। बागबाहरा, खल्लारी आदि क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता ज्यादा होती है। सिकासेर बांध से नहर के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना उद्देश्य है।

### कोडार बांध की वर्तमान स्थिति ( 20 मई )

| वर्ष | शेष बचा पानी ( फीट में ) |
|---|---|
| 2025 | 5.50 |
| 2024 | 7.30 |
| 2023 | 5.70 |
| 2022 | 12.50 |
| 2021 | 11.10 |

### 2020 में भरा था सबसे ज्यादा पानी

कोरोनाकाल के दौरान ही कोडार बांध में सबसे ज्यादा पानी भरा था। 2020-21 में मानसून सीजन में 31 फीट पानी भरा था। इसके बाद 2014-15 में कोडार बांध फुल हुआ था। 2013-14 और 2012-13 में भी बांध भर गया था। सबसे ज्यादा अब तक 2011-12 में 33 फीट पानी भरा था।

## खबर संक्षेप

### मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा आज

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए द्वितीय सेमेस्टर जीई, डीएससी (मनोविज्ञान) विषय के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र / छात्राओं की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 21 मई को सुबह 09 से 12 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल एवं एक प्रयोज्य के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 08:30 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए रेणुका साहू एवं गायत्री चंद्राकर अतिथि व्याख्याता मनोविज्ञान से संपर्क कर सकते हैं।



### घर के बाहर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी

**महासमुंद।** जिले के तेन्दूकोना और सरायपाली थाना अंतर्गत घर के बाहर खड़ी स्कूटी व बाइक चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बुंदेली चौकी क्षेत्र के नवागांव कला निवासी मानश्रवण डड़सेना ने थाने में शिकायत की है कि 18 मई की रात साढे 10 बजे उन्होंने एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचसी 9972 को खड़ी कर चाबी घर के अंदर दीवार पर टांग दी और खाना खाने के बाद सो गया। सुबह देखा तो स्कूटी गायब थी और घर के सामने का दरवाजा खुला था। पुलिस ने मामले में प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएन एस की धारा 305, 331 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इसी तरह सरायपाली थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी भंवरपुर मार्ग स्थित क्वार्टर नंबर एफ 5 निवासी दीपक देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह 15 मई को घर से बाहर था और बाइक क्रमांक सीजी 10 एव्ही 3834 को घर के बाहर लॉक कर रख दिया था। हाउसिंग बोर्ड वाले मकान में पत्नी व बच्चे थे। 19 मई की सुबह 9 बजे देखा तो बाइक गायब थी। अज्ञात चोर ने 16 मई की रात एक बजे से 19 मई की सुबह 6 बजे के मध्य किसी ने पार की है।



## विभिन्न पदों पर नवकिरण के 6 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित रूप से संचालित है। जारी विज्ञप्ति में जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय डी बसंत साव ने बताया कि वन विभाग के वन क्षेत्रपाल 2020, वायुसेना भर्ती (एसएसआर) 2024, वनरक्षक 2021 के फाइनल नतीजे घोषित हुए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के छः अभ्यर्थियों का विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों पर चयन हुआ है। इसमें सुनील कुमार बंजारे का चयन वनक्षेत्रपाल (रेंजर), पिलेश दीवान का चयन वायुसेना में एसएसआर, उमेश सोनवानी, हुमेश्वर ध्रुव, ममता पटेल, कांति ठाकुर का चयन वनरक्षक के पद पर हुआ है। ज्ञातव्य है कि नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से पिछले 5 वर्षों में अब तक 71 से अधिक युवाओं का चयन विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों पर हुआ है। इस अवसर पर इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिपं सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, एमजी सतीश नायर सहायक संचालक, नन्द किशोर सिन्हा, रेखराज शर्मा, डॉ. दुर्गावती भारतीय, अरविंद साहू, लीलाधर सिन्हा, हीना ढालेन, डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अध्यनरत समस्त अभ्यर्थियों ने हर्ष जताया है। वर्तमान में नवकिरण अकादमी में एक पाली में मॉर्निंग बैच में सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, एडीईओ की क्लास सहित आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित है। साथ ही साथ एडीईओ (सहायक विकास विस्तार अधिकारी) 2025 परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नवकिरण अकादमी में टेस्ट सीरीज का आयोजन भी प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है।

## मातृशक्तिओं का सिंदूर के साथ मशाल रैली आज



**महासमुंद।** भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तानी आतंकवाद का खात्मा कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने वाले वीर जवानों के सम्मान में सर्वदलीय महिलाओं द्वारा 21 मई को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सिंदूर के साथ मशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। सिंदूर और मशाल रैली के आयोजन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी सुधा साहू ने बताया कि 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं का किए गए नरसंहार में अनेक महिलाओं का सिंदूर मिटा दिया गया और उनके सुहाग की निर्मम हत्या की गई। जिससे पूरे देश और महिलाओं में आतंकवाद के खिलाफ तीव्र आक्रोश का माहौल है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान द्वारा किए गए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनके सैन्य ठिकानों को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। सुधा साहू ने बताया कि सेना के सम्मान और महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सभी महिलाएं 21 मई को स्थानीय लोहिया चौक से लाल साड़ी पहने हुए माथे और हथेलियों पर सिंदूर लगाकर मशाल के साथ एक रैली में शामिल होंगी। 21 मई की शाम 5 बजे से लोहिया चौक से निकाली जाने वाली इस सिंदूर यात्रा में सर्वदलीय महिलाओं और सभी मातृशक्तियों से कार्यक्रम में अधिकतम संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए हुई बैठक में प्रमुख रूप से एतराम साहू, देवीचंद राठी, राजेन्द्र चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर, पार्वती साहू, सुजाता विश्वनाथन, मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, मधु यादव, उत्तरा प्रहरे, प्रभा साहू, भारती चंद्राकर, प्रीति मक्कड़, सुनीता देवांगन, सुनीता साहू, प्रभा साहू, उषा पॉल, दुर्गा सार्वा, दुर्गा चंद्राकर, रेखा देवार, महेंद्र सिका, रेखा बेहरा, रमा महानंद, सूर्या ठाकुर, ऋषभ बाफना शामिल रहे।

## महासमुंद विकासखंड के 16 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयनित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद विकासखंड के 16 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया है। चयनित विद्यार्थियों में प्रियांशी सेजेस नयापारा, कुमकुम निषाद सेजेस नयापारा, रूपंशी चन्द्राकर सेजेस नयापारा महासमुंद, हर्षिता साहू उप्राशाला बेमचा, देवेन्द्र पटेल उप्राशा बकमा, हेमा उप्राशा बकमा, दिगेश्वरी उप्राशा बकमा, टिकेश्वर टंडन उप्राशा साराडीह, प्रीति साहू उप्राशा साराडीह, हिमांशी चेलक उप्राशा साराडीह, साक्षी चंद्रकार सेजेस हिंदी महासमुंद, भूमिका साहू उप्राशा खट्टी, जान्हवी चन्द्राकर उप्राशा घोडारी, स्वाती लहरे उप्राशा पटेवा, रीना टंडन उप्राशा खरोरा, योगीता ध्रुव उप्राशा रामखेड़ा शामिल है। छात्रों के चयन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एबीईओ हीना ढालेन एवं तारिका कुंजाम ने हर्ष जताया है। साथ ही विद्यार्थियों के पालकों, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों को इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सराहना व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि संपूर्ण विकासखंड के लिए गर्व का विषय है। आगामी वर्षों में और अधिक छात्र-छात्राओं को इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## घर का छप्पर मरम्मत करने में जुटे ग्रामीण...



**अरण्ड (पिथौरा)।** ग्राम मोहदा में गणेशाराम यादव अपने घर की छप्पर मरम्मत एवं कवेलू को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। तेज हवा एवं बदरों के उत्पाद के करण कवेलू टूट जाते हैं। बारिश की पानी से बचने के लिए घरों के छप्पर का मरम्मत किया जाता है। इधर, मजदूर नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान है। वही बांस बल्ली महंगे होने से ग्रामीण पुराने लकडियों से काम चला रहे हैं। कवेलू के दामों में भी भारी बढ़ोत्तरी हो गई है।

## नगर पंचायत पिथौरा के 15 वार्डों में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# जनता की समस्या का समाधान अब उनके द्वार पर : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के

- नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र एवं आर्थिक सहायता राशि का चेक वितरित
- शिविर में प्राप्त मांग एवं समस्याओं से संबंधित 1489 आवेदन निराकृत





अनुरूप जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नगर पंचायत पिथौरा के सभी वार्ड क्रमांक 01 से 15 के नागरिकों की समस्याओं और मांगों से रूबरू होने के लिए संयुक्त रूप से वार्ड क्रमांक 11 पिथौरा शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 01 से लेकर 15 तक के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में 1489 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका निराकरण किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक संपत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, शंकर अग्रवाल, स्थानीय पार्षदगण एवं एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह, तहसीलदार नितिन ठाकुर, सीएमओ बिरजूराम सोनबेर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं हितग्राहियों से भी बातचीत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान उनके गांव-घर जाकर किया जाए। इसी सोच के तहत जनता की समस्या से रूबरू होने जनता के द्वार में ही शिविर लगाया गया है। जहां समस्याओं का निदान होगा। विधायक अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री साय 5 मई से लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं और लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। वे यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आएं। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के डेढ़ वर्षों की उपलब्धियों और जनहितकारी कार्यों की समीक्षा एवं जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य है आम जनता की समस्याओं को सुनना, समझना और समाधान देना। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब और महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। सुशासन तिहार इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है, जहां शासन की योजनाएं और सेवाएं सीधे जन-जन तक पहुँचाई जा रही हैं।

### 4 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी हुआ

मुख्य अतिथि विधायक सम्पत अग्रवाल की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में 10 महिलाओं की गोद भराई की रस्म विधि पूर्वक संपन्न कराई गई। साथ ही 4 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सानिया निर्मलकर, यांसिक डडसेना, काव्या निर्मलकर, नीतू निषाद और पूजा रानी निषाद को नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय पारिवारिक सहायता योजना के तहत वार्ड क्रमांक 09 की प्रेमिन बाई को 20,000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा गया। शिविर में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग आदिम जाति विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## जनपद पंचायत बागबाहरा में शिविर आज

**महासमुंद।** केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसम्बर 2018 को जारी अधिसूचना तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है, जो राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी प्लेट लगाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में कलेक्टर महासमुन्द के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी द्वारा 20 से 21 मई तक जनपद पंचायत बागबाहरा में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 20 मई को शिविर में कुल 193 वाहन स्वामियों ने ऑनलाइन आवेदन कर एचएसआरपी प्लेट के लिए प्रक्रिया पूर्ण की। बुधवार 21 मई को जनपद पंचायत बागबाहरा में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी प्लेट लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

### अमरकोट धान उपार्जन केंद्र में धान गड़बड़ी के मामले में तीन कर्मचारियों को निलंबित कर एफआईआर के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर खाद्य शाखा जिला महासमुंद द्वारा गठित जांच दल की जांच प्रतिवेदन में अमरकोट स्थित धान उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाई गई है। प्रतिवेदन के अनुसार, केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान 11416 बोरी धान कम पाया गया, जिसका वजन मानक अनुसार 5348.68 क्विंटल है। जिसकी राशि प्रति क्विंटल 3100 रुपए के आधार पर एक करोड़ 65 लाख 80 हजार 908 रुपए होता है। जांच दल में खाद्य निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक एवं शाखा प्रबंधक शामिल थे, जिन्होंने अपने प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया है कि उक्त गड़बड़ी के लिए धान उपार्जन केंद्र प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल तथा कंप्यूटर ऑपरेटर राजेन्द्र पटेल संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर ने धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के कंडिका 15.9 तथा त्रिपक्षीय अनुबंध की कंडिका 12.8 एवं 12.11 के तहत कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि संबंधित अधिकारी समय पर उचित कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह माना जाएगा कि निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में लापरवाही हुई है। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा जाएगा।

# महालेखाकार का कहना- आय-व्यय का सही हिसाब नहीं दे रहे बजट नियंत्रण अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के महालेखाकार ने राज्य सरकार के वित्त विभाग को बताया है कि सरकार के कई विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों ( अकाउंट) के पुनर्मिलान का काम पूरा नहीं कर रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने यह काम आंशिक रूप से ही किया है। इस स्थिति को देखते हुए अब वित्त विभाग ने तय है कि ऑनलाइन अंक मिलान का काम अब ई कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल से किया जाएगा।

- वित्त ने पुराने निर्देश किए दरकिनार
- अब नए सिस्टम से होगा ये काम

## वित्त ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी बजट नियंत्रण अधिकारी, सभी संभागीय आयुक्त और राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। विभाग का कहना है कि बजट संबंधी आय व्यय के आंकड़ो का महालेखाकर कार्यालय के आंकड़ो से मिलान किए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। लेखाओं का अंक मिलान, लेखों की प्राप्ति, एवं व्यय के आंकड़ो की प्रमाणिकता एवं सटीकता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है। इस संबंध में पूर्व में जारी सभी निर्देशों को दरकिनार करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं।

**अब ऑनलाइन मॉड्यूल से मिलाए जाएंगे आंकड़े**




## आंकड़ों का पुनर्मिलान अनिवार्य

वित्त विभाग ने कहा है कि प्राप्तियों एवं व्यय के आंकड़ों का संबंधिक विभागीय व्यय के आंकड़ों से पुनर्मिलान किया जाना अनिवार्य है। ताकि राज्य के वित्त एवं विनियोग लेखों में आय एवं व्यय की राशियों को वास्तविक एवं सही रूप में प्रदर्शित किया जा सके। लेकिन महालेखाकार ने सूचित किया है कि विभिन्न विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों के पुनर्मिलान का काम आंशिक रूप से ही कर रहे हैं।

## अब ये काम होगा ऑनलाइन

अब यही काम ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। कोषाल्य के प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों के ऑनलाइन मिलान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा ई-कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें पुनर्मिलान के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का लिंक उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से नियमित रूप से आय-व्यय के आंकड़ों के पुनर्मिलान का काम किया जाएगा। पुनर्मिलान के बाद बजट नियंत्रण अधिकारी इस आशय का प्रमाणपत्र ऑनलाइन अपलोड कर महालेखाकर को प्रेषित करेंगे। इस काम के लिए समय सीमा तय है। देर होने पर विभागीय सचिवों द्वारा उत्तरदायित्व तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री के कड़े तेवर लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनियारी और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए।

### तालाब पार से टीम प्रहरी ने हटाए अवैध कब्जे

**रायपुर।** टीम प्रहरी नगर निवेश की ओर से शीतला तालाब के पार से सोमवार को अवैध कब्जे हटाये गए। उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा की विशेष उपस्थिति में टीम ने जोन 2 के रेल्वे स्टेशन मार्ग में सुगम आवागन देने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। जोन 9 के वार्ड नंबर 10 में सड़क पर कब्जा कर लगायी गयी कबाड़ी दुकान को तत्काल सीलंबद करने कार्यवाही की गयी। जयस्तंभ चौक से साइंस कालेज के सामने मार्ग तक अवैध बैनर और पोस्टर हटाये गये।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली सियासी ढकोसलेबाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस संविधान के नाम पर सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की कहावत को चरितार्थ कर रही है। कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झांसे में कतई नहीं आने वाले हैं।



## राज्य सरकार ने लगाया कैविएट

# स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण और बीएड का मामला जा सकता है कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित दो अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। एक मामला स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का है और दूसरा बीएड डिग्रीधारी 2621 शिक्षकों के समयोजन का है।

इन दोनों मामलों को लेकर शिक्षकों से जुड़े संगठनों में राजनीति गरमाई हुई है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार के निर्णय को याचिका के माध्यम से चुनौती देने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं तथा राज्य सरकार के इन निर्णयों तथा उसकी प्रक्रियाओं के विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए। दोनों मामलों में कैवियेट दायर किया गया है।

- राज्य सरकार ने कहा- हमें भी सुनवाई का अवसर मिले
- किसी भी प्रकरण में याचिका लगाए जाने की आशंका



### बीएड शिक्षकों के समायोजन का मामला


बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले 2621 उम्मीदवारों को शुरू में स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में 2621 उम्मीदवारों को दी गई नियुक्तियां क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियमों के विपरीत होने के कारण रद्द कर दी गईं थीं। इसके बाद, उपरोक्त 2621 उम्मीदवारों द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में उनकी पुनर्नियुक्ति के लिए बार-बार अभ्यावेदन और अनुरोध किए जाने पर, उन 2621 उम्मीदवारों के मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अंतर्विभागीय समिति के समक्ष रखा गया और विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, 2621 बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को सहायक शिक्षक (विज्ञान-प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने के लिए साल्ड समिति द्वारा एक अनुशंसा की गई थी और राज्य सरकार की कैबिनेट में एक निर्णय भी राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार सहायक अध्यापक (विज्ञान प्रयोगशाला) के पद पर उक्त 2621 अभ्यर्थियों के समायोजन की कार्यवाही अभी भी जारी है।

### युक्तियुक्तकरण पर कही ये बात

राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के मामले में कैवियेट के संबंध में कहा गया है कि राज्य सरकार ने ऐसे स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने का निर्णय लिया है, जहां स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार स्कूल में प्रवेशित छात्र,बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके, जो छात्रों के व्यापक हित के लिए उपयुक्त है और आगे ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके जहां या तो एकल शिक्षक या कोई शिक्षक पदस्थ नहीं है और ऐसे युक्तियुक्तकरण के लिए, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 8 मई 2025 को एक व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किया गया है, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संबोधित है। इस बात की पूरी आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति, प्रस्तावित याचिकाकर्ता,पीड़ित शिक्षक दिशा-निर्देशों तथा विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तिकरण के संबंध में इसकी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए इस न्यायालय में याचिका दायर कर सकते हैं तथा इसके विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व कैवेटर,राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा भू-जल संवर्धन मिशन, वर्षा जल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- मुख्यमंत्री आज करेंगे मिशन का शुभारंभ

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 20 मई को दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे।

### सूरत म्यूनिसिपल कार्पोरेशन और राजेंद्र सिंह रणनीति बताएंगे

डॉ. बसवराजु ने बताया कि प्रथम सत्र में गुजरात के सूरत म्यूनिसिपल कार्पोरेशन की विशेषज्ञ टीम एवं शुभारंभ सत्र के विशेष आमंत्रित वक्ता भारत के वॉटरमैन राजेन्द्र सिंह जल संरक्षण की रणनीति साझा करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर अपनी प्रस्तुतिकरण के बाद प्रतिभागियों से खुली चर्चा करेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, विशेषज्ञों, समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों से भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### वन, पीएचई और सिंचाई विभाग देंगे प्रस्तुतिकरण

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रदेश के हाइड्रोलॉजिस्ट रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग की जरूरत, उत्कृष्ट कार्ययोजना और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर जानकारी देंगे। क्रेडाई के कॉलोनाइजर्स कॉलोनियों में तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि उद्योगों में भू-जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रस्तुतिकरण देंगे। वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी भू-जल एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनके परिणामों को प्रस्तुत करेंगे।

# बदहाल यातायात व्यवस्था सुधारने गुजरात की तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन

- 25 ट्रैफिक वार्डन नियुक्त, मिलेगा कलेक्टर दर पर मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने रेंज पुलिस की पहल पर शहर के व्यस्त चौक-चौराहों पर 25 ट्रैफिक वार्डन तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक वार्डन को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस को निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक वार्डन उपलब्ध कराए हैं।

शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने नगर निगम ने जिस तरह से टीम प्रहरी का गठन किया है। उसी तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन का कांसेप्ट लाने की पहल आईजी अमरेश मिश्रा ने की है। आईजी की पहल पर निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस को 25 वार्डन यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक पुलिस में जरूरत के मुताबिक एक चौथाई बल नहीं है। वर्तमान में जो बल है, उनमें से ज्यादातर ट्रैफिक जवान वीआईपी ड्यूटी के लिए तैनात किए जाते हैं। इसके चलते शहर के कई व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक भगवान भरोसे चलता है।



*प्रशिक्षण के बाद होगी तैनाती :* ट्रैफिक कंट्रोल करने जिन 25 वार्डन का चयन किया गया है। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उनकी फील्ड में तैनाती होगी। ट्रैफिक वार्डन के कार्यों की एक माह बाद समीक्षा की जाएगी। समीक्षा में जो अच्छा कार्य करेंगे, उनसे नियमित ट्रैफिक वार्डन का काम लेंगे, जिनका कार्य गुणवत्ताहीन होगा, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा।

*रायपुर के बाद अन्य जिलों में होगी पहल :* ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से यातायात कंट्रोल करने की रिपोर्ट बेहतर होने के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी यह पहल की जाएगी। ट्रैफिक वार्डन को पुलिस बल की तरह अधिकार नहीं मिलेगा। उनका दायित्व केवल ट्रैफिक कंट्रोल करने तक सीमित रहेगा। वार्डन के साथ कोई दुर्व्यवहार करेगा तो वे उसकी शिकायत थाने में कर सकेंगे। ट्रैफिक वार्डन की जिम्मेदारी संदिग्धों पर नजर रखने की भी रहेगी।

### बल की कमी के चलते वार्डन करेंगे तैनात

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार रायपुर शहर में लगातार वाहनों की वृद्धि होने से सभी चौक-चौराहों पर यातायात का दबाव बढ़ रहा है। बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे वाहनों पार्किंग से अव्यवस्था हो रही है। नगर निगम के टीम प्रहरी पुलिस के साथ संयुक्त रूप से सड़कों को आवागमन के लिए उपलब्ध कराने, अतिक्रमण पर कार्यवाही प्रभावी तरीके से कर रही है। यातायात बल में कमी होने से सभी जंक्शन स्थानों पर ड्यूटी नहीं लग पा रही है, जिसकी पूर्ति ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन, निगम आयुक्त विश्वदीप, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सहित दो सौ के करीब लोग उपस्थित रहे।

# धान की नीलामी के दूसरे चरण की बोली शुरू, 22 हजार स्टैक शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान की नीलामी का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया। एक सप्ताह तक चलने वाली बोली में जिला कलेक्टरों ने मिल मालिकों को बचे हुए धान की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के निर्देश दिए। प्रथम चरण के बाद लगभग 22 हजार स्टैक धान नीलामी के लिए संग्रहण केंद्रों में बचा है। सभी जिलों में हुई बोली के बाद अधिकांश जिलों में तीन हजार से अधिक स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है। मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि 30 जिलों के संग्रहण केंद्रों में रखे धान को नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है।

राज्य शासन द्वारा बचे हुए धान का विक्रय दर निर्धारित कर नीलामी किया जा रहा है। नीलामी का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। बवे हुए स्टैकों की प्राइस मैचिंग करते हुए उठाव के निर्देश कलेक्टर ने राइस मिलर्स को दिए। राज्य शासन ने मोटा धान पुराने बारदाना के लिए 1900 और नए बारदाना के लिए 1950 रुपए प्रति क्विंटल विक्रय दर निर्धारित किया है। वहीं पतला धान पुराने बारदाने में 2000 और नए बारदाने में 2150 रुपए की दर निर्धारित की गई है। अधिकांश जिलों में व्यापरियों ने संग्रहण केंद्र में धान की स्थिति के आधार पर 1700 रुपए तक बोली लगाई है। बताया जाता है कि सभी को प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया गया है।



- पहले दिन 3 हजार स्टैक पर लगी बोली, एक सप्ताह तक चलेगी

### सभी जिलों में बचा धान

पहले चरण की बोली के बाद सभी जिलों में धान शेष है। रायपुर में 2 हजार स्टैक, सूरजपुर में 738, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद और दुर्ग में अच्छी बोली आने के बाद भी धान की नीलामी में बेस प्राइज के बराबर बोली नहीं आ पा रही है। बताया गया है कि दूसरे चरण की बोली में आज लगभग 3 हजार स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है।

# सनातन धर्म प्रतीकों की रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से विधायक, मंडल और आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने कहा, सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई होलकर। उन्होंने अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा, उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा। शशांक शर्मा ने कहा, आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया , महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, यह मात्र एक कार्यशाला नहीं अपितु भारत में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुण्य आत्माओं का पुण्य स्मरण रूपी हव्य है। कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुआ और आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा अध्यक्षा सीमा संतोष साहू ने किया।



- भाजपा रायपुर शहर कार्यशाला का किया गया आयोजन

# 24 को नीति आयोग की बैठक लेंगे मोदी, साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग की बैठक 24 मई को दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार शामिल होंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह विष्णुदेव साय की पहली नीति आयोग बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी भाग लेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की प्रमुख योजनाओं के लिए केंद्र से अतिरिक्त समर्थन की मांग करेगी। बताया गया है कि पीएम आवास योजना के तहत नए सर्वे के अनुसार 26 लाख मकानों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए अतिरिक्त आबंटन की मांग की जाएगी।

**विशेष पैकेज की होगी मांग**

इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नवा रायपुर के विकास के लिए भी विशेष पैकेज की मांग की जा सकती है। स्मार्ट सिटी योजना में केंद्रीय अनुदान बंद हो चुका है, ऐसे में सीएम शहरी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट की मांग रख सकते हैं। बैठक की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन पहले ही विभागीय सचिवों के साथ मंथन कर चुके हैं। दिल्ली दौरे के लिए सीएम और मंत्रीमंडल के सदस्य 23 मई को रवाना होंगे।

*भाजपा नेताओं से मिलेंगे साय*

*दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम साय की मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं से 24 की शाम या 25 मई को हो सकती है। बताया गया है कि पीएम मोदी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 25 मई को अलग से बैठक लेंगे।*

# नक्सलवाद पर गृहमंत्री के बयान को लेकर धनेंद्र ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सलवाद पर दिए गए बयान की आलोचना करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने उन पर निशाना साधा है।

एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा आरोप लगा रहे हैं कि राहुल गांधी की नीति नक्सलवाद पर स्पष्ट नही है, जबकि राहुल गांधी खुद नक्सलियों और आतंकियो के विरोधी हैं और हमेशा रहे हैं। कांग्रेस की नीति भी आतंकवाद और नक्सालवाद के खिलाफ है। गृह मंत्री इस तरह के अनर्गल आरोप लगाना बंद करें। आतंकवाद और नक्सलवाद की लड़ाई में राहुल गांधी की दादी एवं पिता शहीद हुए हैं। यह शायद गृह मंत्री भूल गये हैं। या कहें कि उनकी याददाश्त कमजोर हो गई है। श्री साहू ने कहा है कि तेलंगाना सरकार पर जो आरोप लगाया गया है कि वे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में मदद नहीं कर रही है, तो वे तेलगांना सरकार से चर्चा करें एवं सहयोग मांगें। तेलंगाना सरकार सहयोग करेगी, क्योंकि वह भी खुद नक्सलवाद से परेशान है एवं उससे लड़ रही हैं। तेलंगाना सरकार पर भी झूठा आरोप लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पर्याप्त फोर्स नहीं दी गई और अब तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को भी पर्याप्त फोर्स केन्द्र सरकार के द्वारा नहीं दिया गया है। गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन सी रूकावट पैदा की है?



- गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन-सी रुकावट पैदा की है?

# बीएलएड बंद करने और आईटीईपी लागू करने पर संसदीय समिति में गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए।

इस बैठक में भारत की शिक्षक शिक्षा प्रणाली से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन (बीएलएड) कार्यक्रम को बंद करने के निर्णय, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) की शुरुआत, उसकी वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति, भविष्य की योजनाएं, पाठ्यक्रम की संरचना और आईटीईपी पढ़ाने के लिए आवश्यक योग्यताओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की नीतियों, शिक्षक प्रशिक्षण, आवश्यक योग्यताओं तथा डीएलएड (प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा) और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) के भविष्य पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, एनसीटीई के अध्यक्ष तथा सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी राय और सुझाव समिति के समक्ष रखे। श्री अग्रवाल ने कहा, शिक्षक शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और व्यवहारिकता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। भविष्य के राष्ट्र निर्माताओं को तैयार करने वाले शिक्षकों की तैयारी भी आधुनिक, समावेशी और मूल्यनिष्ठ होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डीआईईटी जैसे संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु विशेष नीति बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार किए जा सकें।



- शिक्षक और शिक्षा की गुणवत्ता पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जताई चिंता, ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत डीआईईटी की वकालत

## खबर संक्षेप



### बाइबिल स्कूल में 200 बच्चे हुए शामिल, मिली शिक्षा

**रायपुर।** सेंट पॉल्स कैथेड्रल में सोमवार को सुबह 7 बजे वेकेशन बाइबिल स्कूल का प्रारंभ हो गया। पहले दिन करीब 200 बच्चे शामिल हुए। रविवार तक चलने वाले वीबीएस में अलग-अलग आयुवर्ग के अनुसार लगभग 12 कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसमें धर्म, संस्कृति, परंपराओं, नैतिक शिक्षा, गीत-संगीत, कला व राष्ट्रीय दायित्वों के बारे में बच्चों को दक्ष किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार की प्रार्थना से किया। इस दौरान संडे स्कूल के बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद उन्होंने चलेंगे हम ज्योति में... गीत गाते हुए रैली के रूप में चर्च में प्रवेश किया। वीबीएस का मुख्य ध्येय है आदर का पात्र। इसी विषय पर बिशप ने बच्चों को शिक्षा दी। उन्होंने एक्शन सांग भी बच्चों को सिखाया। इस अवसर पर पादरी सुबोध कुमार, कैथेड्रल के पादरी असीम विक्रम, पादरी सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू, पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सदस्य दीपक दास, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, संडे स्कूल सुपरिटेंडेंट नेहा पिल्ले, कोषाध्यक्ष रश्मि जेम्स भी विशष रूप से शामिल रहे।

### रविवि की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। रविवि द्वारा बीते दिनों प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई थी। इसके बाद प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। 8 से 15 जून तक दो पालियों में ये प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। संशोधित समय-सारिणी विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी, मंगाई दावा-आपत्ति

**रायपुर।** व्यापम द्वारा पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह प्रवेश परीक्षा 8 मई को आयोजित की गई थी। मॉडल आंसर जारी करने के पश्चात व्यापम द्वारा 24 मई तक दावा आपत्ति मांगी गई है। इसके लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। व्यापम की वेबसाइट पर जाकर मॉडल आंसर देखे जा सकते हैं।

### शराब घोटाला- अरविंद सिंह के साथ अनवर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए के ज्यादा के शराब घोटाला में जेल में बंद अरविंद सिंह के साथ अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। शराब घोटाला में मनी लांड्रिंग करने के आरोप में ईडी ने अनवर, अरविंद सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुछ लोगों को पूर्व में ही जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने अरविंद सिंह को सोमवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। अनवर ढेबर तथा अरविंद सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई जस्टिस अभय ओका तथा जस्टिस उज्ज्वल भुयान की बेंच में हुई है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में तर्क देते हुए बताया कि लंबे समय से जेल में बंद होने के बाद भी अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है।

**आयोजन :** बागबाहरा क्षेत्र के 50 कलाकारों को श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

# नाचा गम्मत छत्तीसगढ़ की प्राचीन पारम्परिक विधा इसे जीवंत बनाए रखने की है आवश्यकता : भीखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत लोक कलाकार पार्टी संघ एवं कलाकार विकास मंच बागबाहरा के तत्वावधान में क्षेत्र के चुनिंदा लोक कलाकारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम वन विभाग के रेस्ट हॉऊस में आयोजित किया। जहाँ अतिथियों द्वारा क्षेत्र के 50 चुनिंदा लोक कलाकारों का सम्मान श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नाचा गम्मत हमारे छत्तीसगढ़ की प्राचीन पारम्परिक विधा है। इसे अभी तक इन जैसे कलाकारों द्वारा संजोकर रखा गया है। इसे हमेशा जीवंत बनाए रखना अतिआवश्यक है। छत्तीसगढ़ के माटी से हमेशा जुड़े लोक कलाकारों को शासन प्रशासन द्वारा हरसम्भव सहायता प्रदान कराया जाएगा। लोक कलाकारों को चिंता करने की कोई बात नहीं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने लोक कलाकारों की खूब चिंता कर उनके हित में साय-साय काम करने जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण पार्टी संघ के प्रदेशाध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न कलाकार अनेक विधाओं में बंट कर प्राचीन सांस्कृतिक कला को जीवित बनाए रखे हुए है, जो कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं में आकर्षक ढंग से सजधज कर मंच में अपनी रंगारंग प्रस्तुति दर्शकों के बीच देते है। जिसे दर्शकों द्वारा खूब प्रशंसा किया जाता है। इसी का परिणाम यह है कि बागबाहरा क्षेत्र के विभिन्न कलाकार सम्मान समारोह कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों से सम्मानित हुए है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कलाकारों की समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि कलाकार विकास मंच बागबाहरा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी तथा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी संघ के जिलाध्यक्ष ऐतराम पप्पू साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को जीवित बनाए रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। उनकी विभिन्न भूमिका से आज पारम्परिक नाचा गम्मत, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, राऊत नाचा, ददरिया नृत्य, बस्तरिया नृत्य, ढोला मारु नृत्य, भजन पंडवानी नृत्य, कर्मा नृत्य, सैला नृत्य, गेंदी नृत्य, ककसर नृत्य, छेरछेरा नृत्य और खड़ा नाचा नृत्य जीवत है। इस विभिन्न प्रकार के लोक नृत्यों को कलाकार अपनी कलाओं के माध्यम से संजोकर रखे हुए है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचे कलाकार अपनी उत्कृष्ट कला की सम्मान पाकर काफी खुश एवं गदगद नज़र आए।




#### मुख्य अतिथि का भी किया गया सम्मान

कार्यक्रम में चर्चित लोककला गायककार निजाम सिंह दीवान कन्हारपुरिया, डिमान सेन, विश्राम यादव, टीकम पटेल आदि पहुंचे थे। जिसे अतिथियों द्वारा श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर को कलाकारों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोककला गायककार विश्राम यादव तथा आभार व्यक्त लोककला गायककार निजाम सिंह दीवान कन्हारपुरिया ने किया।

#### इन कलाकारों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले मुख्य कलाकारों में टीकम पटेल, रितेश चक्रधारी, ओमप्रकाश चक्रधारी, विकास वैष्णव, मोतीराम पटेल, दाऊलाल विश्वकर्मा, नरेंद्र नैना ध्रुव, घांसू ईशु निर्मलकर, संतोष यादव, युवराज साहू, नंदू सबर, दिनेश साहू, पुनीतराम चक्रधारी, परमेश्वर मांझी, सुरेश साहू, खिलेश पिंटू साहू, चुम्मन साहू, ओमप्रकाश चिंगरौद, थानसिंह दीवान, सुकालू बघेल, खिलावन यादव, कुमार निषाद आदि शामिल है।

## इतिहास को जानने का सशक्त माध्यम संग्रहालय : दाऊलाल

### अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर इंटैक की विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) महासमुंद अध्याय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संग्राहलय दिवस पर पुराना रेस्ट हाऊस महासमुंद में अध्याय संयोजक दाऊलाल चंद्राकर की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए दाऊलाल ने कहा कि संग्राहलय के माध्यम से हम इतिहास की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्थानीय सांस्कृतिक व सामाजिक धरोहरों को सहेजनों की आवश्यकता है। अध्याय संयोजक द्वारा सिरपुर के अति प्राचीन मूर्तियों को व्यवस्थित एवं संग्रहित करने की बात की। इंटैक के आजीवन सदस्य एस चन्द्रसेन ने कहा कि विलुप्त होती सभ्यता व संस्कृति को संग्रहालय के माध्यम से सहेज सकते हैं। इतिहास को जानने के लिए लिखित दस्तावेज संग्रहित होनी चाहिए। वरिष्ठ सदस्य मानक लाल चंद्राकर, डॉ. रामगोपाल यादव, बंधुराजेश्वर खरे, टेकराम सेन, रघुनाथ सिन्हा, मानक नामदेव सभी ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अतीत को जानने, समझने एवं अध्ययन का सशक्त माध्यम संग्रहालय हो सकता है। हम सभी को अपने आसपास के संग्रहालय को सुव्यवस्थित एवं संरक्षित करने की आवश्यकता है। छग के परिप्रेक्ष्य में पुराने औजार, वाद्य यंत्र, कृषि यंत्र, सिक्कों के माध्यम से भावी पीढ़ी को इतिहास के परिचित करा सकते हैं। महासमुंद में काव्यांश सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था के माध्यम से यह कार्य जारी है।

अध्याय संयोजक दाऊलाल चंद्राकर द्वारा हैदराबाद स्थित सालारगंज राष्ट्रीय संग्रहलय का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हमारे समीप सिरपुर के संग्रहालय में रखी मूर्तियों एवं प्राचीन वस्तुओं को बताते हुए भावी पीढ़ी को इस ओर सजग रहने व बारिकी से अध्ययन करने की बात की गई। कार्यक्रम का संचालन इंटैक के आजीवन सदस्य टेकराम सेन व आभार प्रदर्शन अध्याय सह संयोजक डॉ. बंधु राजेश्वर खरे ने किया।






## रबी फसल की सरकारी खरीदी नहीं किसानों को हो रहा आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

फुलझर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रबी की फसल ली गई है। धान, गेहूँ, मुंग, मूंगफली,चना, सरसों आदि को बेचने के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा है। जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। खरीफ सीजन में जिस तरह धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर होती है, उस तरह रबी फसल की खरीदी व्यवस्था नहीं होने से किसान सेठ-साहूकारों को उनके मुंह मांगे दाम पर बेचने मजबूर हैं।

किसानों का कहना है कि धान फसल को छोड़कर गेहूं, मुंग, मूंगफली, चना, सरसों की फसल इस उम्मीद से ली है कि उन्हें अच्छी आमदनी मिल जाएगी, मगर सरकारी खरीदी व्यवस्था नहीं होने से को औने पौने दाम पर बेचने मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा जिस तरह से खरीफ सीजन में धान, मक्का, रागी, कोदो, कुटकी को समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की जाती है, उसी तरह रबी सीजन में गेंहू, मुंग, मूंगफली, चना, सरसों आदि की खरीदी व्यवस्था की जाए तो किसान धान को छोड़कर इन फसलों की ओर आकर्षित होंगे। सरायपाली व बसना विकासखंड में गिरते जल स्तर को ध्यान में रखते हुए बड़े पैमाने पर गेहूं, मुंग मुंगफली चना फसल ली गई थी। किसानों को इन फसलों का वाजिब दाम नहीं मिलने से काफी निराश हैं।

#### मंडियों का लाभ नहीं

फुलझर क्षेत्र में कृषि उपज की खरीदी बिक्री के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर मंडियों का निर्माण किया गया है। सरायपाली बसना में कृषि उपज मंडी, बलौदा, तोषगांव, सिंघनपुर, भंवरपुर में उप मंडी का संचालन किया जा रहा है। मगर, इन मंडियों में आज तक रबी फसलों की खरीदी बिक्री की व्यवस्था नहीं की गई है। मंडी होते हुए भी मंडियों का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के किसान सेठ, व्यापारी एवं कोचियों को कम दामों पर अपनी उपज बेचने मजबूर हो रहे हैं।

## चर्चित यश शर्मा अपहरण, हत्याकांड के गवाहों को बयान नहीं बदलने पर जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जेल में बंद बदमाश ने कॉल कर गवाह को यश से बुरी मौत देने की दी धमकी
- अपर सत्र न्यायधीश ने दिए जांच के आदेश

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के चर्चित यश शर्मा अपहरण तथा हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ एक गवाह ने संबंधित कोर्ट, एएसपी तथा थाने में धमकी दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा जिस कोर्ट में मामला चल रहा है, उस कोर्ट ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। गवाह ने जेल में बंद आरोपी द्वारा भी उसे कॉल कर धमकी देने का आरोप लगाया है।

खुशाल तोलानी तथा कमलेश बुलवानी ने यश शर्मा के अपहरण तथा हत्या के आरोप में जेल में बंद तुषार पाहुजा, यश खेमानी, चिराग पंजवानी और तुषार पंजवानी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। दोनों गवाहों ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि सोमवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई थी। सुनवाई के एक दिन पहले रविवार को उनके पास अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आता है। कॉल करने वाला दोनों गवाहों को कोर्ट में अपने बयान बदलने की धमकी देते हुए उन्हें मिलने के लिए उद्योग भवन के पास बुलाता है। जाने से इनकार करने पर तीन बदमाश खुशाल के घर के पास पहुंचते हैं और उसे कॉल कर बुलाते हैं। खुशाल अपने दादा के साथ कार वाले से मिलने जाता है। तब बदमाश खुशाल को अपने साथ कार में चलने के लिए दबाव बनाता है। इनकार करने पर गाली-गलौज करता है।



मृतक : यश शर्मा

#### यश से बुरी मौत मारने की धमकी

खुशाल ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि कार सवार जो तीन लोग उसे धमकी देने के लिए आए थे, उन लोगों ने उसकी जेल में बंद तुषार पाहुजा से मोबाइल में बात कराते हैं। तुषार खुशाल को धमकी देते हुए कहता है कि अगर उसने कोर्ट में बयान नहीं बदला, तो उसे वह यश से बुरी मौत देगा।

#### यह है पूरा मामला

प्रेम प्रसंग के विवाद पर तुषार तथा उसके अन्य साथी पिछले वर्ष 13 अक्टूबर को यश को मिलने के लिए बुलाते हैं। इसके बाद बदमाशों ने यश को अपनी कार में बैठाकर मंदिर हसौद ले गए और वहां जमकर मारपीट की। मारपीट करने के बाद उसे कार में अलग-अलग जगह ले जाकर घुमाते रहे। बेसुध होने पर यश को बदमाश जोरा स्थित एक फार्म हाउस में बंधक बनाकर तीन दिन तक रखे रहे और दर्द भगाने के नाम पर जबरन शराब पिलाते रहे। हालत बिगड़ते देख यश को बदमाश उसके घर के पास छोड़ गए। यश की तीन माह बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिन गवाहों को धमकी दी गई है, वे यश के दोस्त हैं। उन लोगों ने यश को अपहरण कर ले जाते देखा था।

## होटल कैफे में छापा, अवैध रूप से पिलाई जा रही थी शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कई होटल, कैफे एवं ढाबा में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। आबकारी विभाग ने पूर्व में ऐसे कई मामलों में कार्रवाई भी की है, लेकिन इसके बाद भी कई होटल, कैफे एवं ढाबा में शराब पिलाने का अवैध कारोबार चल रहा है। आबकारी विभाग ने रविवार को शहर के बैजनाथपारा स्थित होटल गोल्डन आई-आई बीजा कैफे में छापा मारकर यहां से 15 बोतल बीयर जब्त की है, जिसकी कीमत 33 सौ रुपए है। विभाग ने इस मामले में होटल कैफे के मैनेजर होतासान सुना को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग दो जगहों से अन्य दो लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी उपाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि सहायक जिला अधिकारी वैभव मित्तल के नेतृत्व में विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर होटल आई-आईबीजा कैफे में रात करीब 10 बजे छापा मारा। इस दौरान होटल कैफे के किचन से बटवाइजर ब्रांड की 15 सीलबंद बीयर बरामद की। पूछताछ पर पता चला कि होटल कैफे ने शराब पिलाने का लाइसेंस ही नहीं लिया है। इसके बाद उसके मैनेजर होतासान सुना को गिरफ्तार किया है। टीम ने इसी दिन तिल्दा क्षेत्र में भी मुखबिर की सूचना पर डाकेश्वर यादव निवासी तिल्दा को होंडा एक्टिवा से 25 पाव मसाला एवं 21 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की को परिवहन कर ले जा रहा था, जिसे जब्त कर उसे गिरफ्तार किया। इसके अलावा आमनेर निवासी करण कुमार के कब्जे से 54 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है।

- मैनेजर गिरफ्तार

## महापौर मीनल पहुंचीं काशीराम नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम की महापौर मीनल चौबे सोमवार को काशीराम नगर के आवासीय परिसर पहुंचीं। वहां उन्होंने लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। वहां के जर्जर आवासों में रहने वाले सैकड़ों परिवारों को पक्के व सुरक्षित आवास में व्यवस्थान कराने जोन 3 कमिश्नर को दिशा निर्देश भी दिए। दरअसल , काशीराम नगर के अत्यंत जर्जर मकानों में निवास कर रहे 275 फ्लैटधारकों को व्यवस्थापन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मठपुरैना में निर्मित पक्के आवास में आवास आवंटन किया जाना है।




## 42 दिन बाकी, सरोना में 10 एकड़ में दबा कूड़ा हटाना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक निष्पादन करने का ठेका लेने वाली एजेंसी समय पर अपना काम पूरा नहीं कर पायी है। अनुबंध के दो साल बीतने के बाद भी ठेका एजेंसी अब तक 28 एकड़ में जमा कूड़ा की स्क्रीनिंग पूरी कर पायी, जबकि 10 एकड़ में दबे कचरे को हटाने केवल 42 दिन बाकी रह गये। बारिश से पहले कचरा निष्पादन का काम पूरा नहीं हुआ, तो एनजीटी की कार्रवाई होना तय है। रायगढ़ की एजेंसी को नगर निगम ने जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपए में इस कार्य का ठेका दिया। अनुबंध के हिसाब से काम की मियाद दिसंबर 2024 में पूरी हो चुकी है। तत्कालीन आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को 6 माह का अतिरिक्त समय दिया। यह समय अवधि जून 2025 में पूरी हो जाएगी।



बारिश में सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड का कचरा मुसीबत बन सकता है। नेशनल ग्रीन टिब्यूनल की फटकार के बाद सरोना में फैले ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप 4 लाख 50 हजार मीट्रिक टन कचरे की सफाई पर अभी संशय की स्थिति बनी हुई है। जमीन में दबे इस कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने नगर निगम ने राज्य शासन के आदेश पर जून 2023 में रायगढ़ की हिलब्रो मेटेलिक एंड आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड को जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपये में ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था, जो अब तक नहीं कर पाई है। सूत्रों के मुताबिक अभी भी यहां करीब 3 लाख 70 हजार मीट्रिन टन कूड़ा की स्क्रीनिंग करके बाहर रखा गया है। बारिश से पहले यह कचरा अगर नहीं हटा, तो निगम में एनजीटी की कार्रवाई करीब तय मानी जा रही है।

#### दो दर्जन नोटिस का असर नहीं, 1 करोड़ 20 लाख का भुगतान रोका

हैरानी की बात ये है कि नगर निगम ने रायगढ़ की जिस एजेंसी को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का ठेका दिया है, उसके काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए निगम प्रशासन अब तक 2 दर्जन नोटिस काम में तेजी लाने के लिए दे चुका है। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी काम में अपेक्षाकृत तेजी नहीं ला सकी। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने एजेसी को संसाधन बढ़ाने की भी हिदायत दी, पर इसका असर देखने को नहीं मिला। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि डेढ़ सालों में सिर्फ 1 करोड़ 50 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया, जबकि 1 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान रोका गया है।

## खबर संक्षेप

### बागबाहरा ग्रामीण मंडल के महामंत्री बने प्रकाश



नर्रा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायकद्वय योगेश्वर राजू सिन्हा एवं संपत अग्रवाल की सहमति से मरार पटेल समाज के युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रकाश पटेल ग्राम खाड़ादरहा को भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मण्डल का महामंत्री बनाया गया है। इस नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, पिलेश्वर पटेल, मुकेश चंद्राकर, राजेश ठाकुर, हरीश दीवान, छन्नू लाल साहू, खिलावन चंद्राकर, पीतांबर साहू, हेमंत सिन्हा, अजय ध्रुव, सचिन साहू, टीकेलाल, धनी मरकाम, मोहित साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

# समाज कल्याण विभाग ने 112 को पेंशन स्वीकृति पत्र एवं 2 हितग्राहियों को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से किया गया लाभान्वित






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत नगर पंचायत बसना सहित विकासखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुँचाया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा 112 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान एवं 2 लाभार्थियों को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से लाभान्वित किया गया तथा श्रम विभाग द्वारा 28 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया।

नगर पंचायत बसना में आयोजित शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कुल 54 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत की गई। इसी शिविर में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत मंजुला बेहरा को 20,000 रुपए की अनुदान राशि का डेमो चेक मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा प्रदान किया गया।

विकासखण्ड बसना के ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सेक्टर में पेंशन योजनाओं के लिए 151 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 97 पात्र हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृत किया गया। वहीं नगर पंचायत पिथौरा के खेल मैदान में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 09 की प्रेमीन बाई को राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत 20,000 रुपए की अनुदान राशि का डेमो चेक विधायक सम्पत अग्रवाल द्वारा सौंपा गया। इसी तरह ग्राम पंचायत गढ़फुलझर शिवि में श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत किए गए श्रमिकों को विधायक सम्पत अग्रवाल द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 28 श्रमिकों का नया श्रम कार्ड के लिए पंजीयन किया गया, जिनका पंजीयन कार्यवाही श्रम विभाग महासमुंद द्वारा शिविर स्थल पर ही पूर्ण कर लिया गया। श्रमिकों ने पंजीयन कार्ड प्राप्त कर शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने में सुविधा होगी।

## नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 जारी है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन स्थानीय टाऊन हाल कचहरी चौक में 21 मई बुधवार को सुबह 10 बजे से आयोजित है। जहां वार्ड क्रमांक 15, 17, 18, 24, 25, 26, 27, 28, 29 एवं 30 कुल 10 वार्डों के लोग अपनी समस्याओं व मांगों का समाधान शिविर में करा सकते हैं। पूर्व के 2 शिविर में 20 वार्डों के लोग पहुंचे थे। शिविर में सभी शासकीय विभाग के प्रभारी उपस्थित रहेंगे। नपा सीएमओ अशोक सलामे से संबंधित वार्डों में मुनादी कराने कहा गया, जिनका राशन कार्ड बन गया हो, ऐसे हितग्राही को शिविर स्थल में ही राशन कार्ड देने की व्यवस्था हो। आयुष्मान कार्ड जिनका नही बना है, ऐसे लोग अपना कार्ड शिविर स्थल में बनवा सकते हैं। शिविर में प्रमुख रूप से सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि एवं बीज निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डा. विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रजीत सिंग गोल्डी, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, बाल कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष संदीप दीवान, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका समेत सभी पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। नपाउपाध्यक्ष राठी ने शहर की जनता से अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविर में पहुंचकर नगर पालिका एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों व प्रभारियों को अपनी समस्या व मांगों से अवगत कराए। नगरीय क्षेत्र का यह अंतिम शिविर है।

## सुविधा : ग्रीष्मकाल में प्रतिवर्ष निजी खर्च पर चलाते हैं पानी टैंकर

# निःशुल्क पानी टैंकर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शहर में नगर पालिका द्वारा दिया जा रहा तीन टाइम पानी




प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा नगरवासियों को जलापूर्ति के लिए निःशुल्क पानी टैंकर का शुभारंभ गुड़रुपारा के लोगों को जल वितरण कर किया गया।

उल्लेखनीय है कि साहू द्वारा 6 साल पूर्व 2018 से इस निःशुल्क पानी टैंकर का शुभारंभ किया गया था। तब से प्रतिवर्ष ग्रीष्म काल में नागरिकों को जलापूर्ति के लिए यह टैंकर उनके द्वारा शहरभर में चलाई जाती है। पूर्व के वर्षों में अनेक बार लोगों ने साहू को स्वयं पानी टैंकर चलाकर जल वितरण करते देखा। इस वर्ष टैंकर का शुभारंभ करते उन्होंने कहा कि नगरवासियों को पानी की कमी न हो, इसके लिए वे निःशुल्क टैंकर चलाकर जल वितरण करते हैं। पालिका द्वारा तीन समय पानी दिया जा रहा है। कहीं कहीं टुल्लू पंप लगाने की शिकायतें मिलती है, जिससे अन्य घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। उन्होंने नगरजनों से निवेदन किया कि पालिका द्वारा भरपूर पानी दिया जा रहा है, उसके अतिरिक्त टैंकर के माध्यम से भी पानी वार्डों तक पहुंचाया जा रहा है। अब निःशुल्क टैंकर भी शुरू हो चुकी है। अतः टुल्लू पंप लगाकर दूसरों को परेशानी में न डाले। ज्ञात हो यह निःशुल्क जल वितरण कार्य नपाध्यक्ष अपने निजी खर्च पर करते हैं। इय अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट में दवाओं की कमी नपाउपाध्यक्ष देवीचंद ने की सीएमओ से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थय योजना के अन्तर्गत महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है, जो प्रतिदिन वार्डों व मोहल्लों में ईलाज करने पहुंचती है। जिसमें दवाइयों की कमी को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने सीएमओ अशोक सलामे से चर्चा की। नपउपाध्यक्ष ने कहा कि केवल मोबाइल बस से इलाज सम्भव नहीं है। बीमारी के ईलाज के लिए दवा की आवश्यकता है। आप मोबाइल स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी है, शीघ्र दवा खरीदकर मरीजों के लिए उपलब्ध कराए। राठी ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दवा खरीदी का आर्डर कर दिया है। शीघ्र ही दवा मोबाइल स्वास्थ्य बसों को प्राप्त हो जाएगी। संचालन कर रहे कम्पनी के अधिकारी को भी कहा गया कि दवा की हेरा फेरी नही होनी चाहिए। दवा रखने वाले स्टोर कीपर को भी कहा गया कि दवा का भौतिक सत्यापन सक्षम अधिकारी से कराया जाए। दवा के लिखित मांग पत्र पर ही स्टोर से दवा दी जाए। राठी ने मुख्य नगर



पालिका अधिकारी का ध्यान आकर्षक कराया कि पूर्व में दवा खरीदी के हेर फेर के मामले में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलम्बित हुए थे। दवा मौजूद होने के बावजूद दवा खरीदी गई थी, ऐसी लापरवाही नही होनी चाहिए। सही हाथों में सही मरीजों को ही दवा दी जाए, इसका पूर्णतः ध्यान रखा जाए। अभी लगभग 120 प्रकार की दवा खरीदी का आर्डर हुआ है। दवा की एक्सपाइरी चेक कर रखें। पास एक्सपाइरी वाली तत्काल संबंधित दुकानदार को वापस किया जाए। सीएमओ से कहा गया कि दवा खरीदी का टेण्डर हुए 3 साल हो गया है। लगभग 2022 में निविदा हुई थी, उसके बाद कोई टेण्डर प्रक्रिया नही हुई है। शीघ्र विधिवत टेण्डर बुलाया जाए। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्लम योजना के अध्यक्ष कलेक्टर होते है, उन्हें चाहिए कि निविदा की नई प्रक्रिया कर अब आने वाले समय दवा खरीदी जाए। अभी जो दवा आ रही है उसे 2 माह से अधिक का न मंगाया जाए। क्योंकि, कई दवा रखरखाव के अभाव में खराब होती है और एक्सपाइरी के कारण भी जरूरत के हिसाब से दवा खरीदी

# महासमुंद शहरी क्षेत्र में वय वंदन आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए कल से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन की वय वंदन योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए महासमुंद शहरी क्षेत्र में 22 मई से 30 मई 2025 तक कुल 07 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न वार्डों में नागरिकों के वय वंदन आयुष्मान कार्ड निर्माण का कार्य किया जाएगा।

इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियुक्त जेएसए, एमपीडब्ल्यू एवं एएनएम कर्मचारियों की टीम आंगनबाड़ी/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करेंगे। पहला शिविर 22 मई को वार्ड क्रमांक 28 दुर्गा चौक मौहारीभाठा एवं पिटियाझर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 23 मई को वार्ड क्रमांक 18 दुर्गा चौक कुर्मीपारा एवं नयापारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 26 मई को वार्ड क्रमांक 14 बेलदारपारा आंगनबाड़ी केन्द्र, टीकाकरण केन्द्र पुराना अस्पताल एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नयापारा, 27 मई को वार्ड क्रमांक 04 नयापारा तीजबाई साहू आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वार्ड क्रमांक 29 मलेरिया ऑफिस चौक आंगनबाड़ी केन्द्र, 28 मई को वार्ड क्रमांक 22 सुभाष नगर बागड़े आंगनबाड़ी एवं वार्ड क्रमांक 13 गुरूनानक वार्ड सुल्तानाबानों आंगनबाड़ी केंद्र, 29 मई को वार्ड क्रमांक 24 उडियापारा आंगनबाड़ी एवं वार्ड क्रमांक 12 लालदाढ़ीपारा तथा 30 मई को शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारपारा एवं वार्ड 03 ईमलीभाठा आंगनबाड़ी केन्द्र में शिविर का आयोजन होगा। सभी शिविरों का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। नगर पालिका महासमुंद व स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक इन शिविरों में पहुँच कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीयन करवाएं। ताकि, उन्हें मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके।

# निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक ने किया निरीक्षण, लापरवाही नहीं करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खट्टी में निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण कर उन्होंने निर्माण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य का पूरा जायजा लेते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने ही हिदायत दी।

बता दें कि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है।

इस योजना के अंतर्गत महासमुंद विधानसभा के तीन गांव झलप, पटेवा और खट्टी भी शामिल है। सोमवार को खट्टी में निर्माणाधीन महतारी सदन का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नए भारत के विकास में महिलाओं की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है।



ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बना रही है। निरीक्षण में उन्होंने अभी तक हुए कार्य एवं शेष कार्य संबंधी जानकारी अधिकारी से ली। इस दौरान महासमुंद ग्रामीण मंडल महामंत्री माखन सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप घोष, शरद राव अन्य नेतागण सुरेश साहू, दूजराम साहू, मिथलेश सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### महतारी सदन में यह व्यवस्था होगी

सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हॉल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमें बॉउंड्रीवाल भी बनाए जाएंगे। इस प्रकार महिलाओं के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाएगा, जिसकी सहायता से वे अपना स्वयं का रोजगार कर सकती हैं।

### प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 को

महासमुंद। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय सहित बागबाहरा एवं पिथौरा विकासखंडों में होगा। प्रथम पाली में प्रीबीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 7,520 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, द्वितीय पाली में प्रीडीएलएड परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक होगी। जिसमें 13,414 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

# समाधान शिविर में 8 दिव्यांग बच्चों को सहायक कीट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम गढ़फुलझर (बसना) में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान 08 दिव्यांग बच्चों को सहायक किट प्रदान किया गया। लाभान्वित बच्चों में अमन जगत मिडिल स्कूल नौगड़ी को व्हील चेयर, मिडिल स्कूल दूधीपाली से समीर निषाद को एमआर कीट, प्राथमिक शाला सकरी से रितिका को श्रवण यंत्र, प्राथमिक शाला सकरी के वेदिका दास को श्रवण यंत्र, प्राथमिक शाला सकरी के वेदांत दास को श्रवण यंत्र, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहका के अंकिता साहा को किताब मेग्निफायर, मिडिल स्कूल के रीता साहा को पुस्तक मेगनिफ़ायर, मिडिल स्कूल सालेझरिया के विमला संडे को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि बसना विधायक सम्पत अग्रवाल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम एमके खांडे, तहसीलदार ममता ठाकुर, सीईओ जनपद पियूष सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष डीलेश्वरी निराला, उपाध्यक्ष मोहित पटेल, ग्राम पंचायत गढ़फुलझर श्रीमती कौर, जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, अरविंद मिश्रा विधायक प्रतिनिधि, बीईओ, जेआर डहरिया बीआरसी (बसना), पूर्णानंद मिश्रा, अंकित कुमार, संकुल समन्वयक अरुण प्रधान, आरिफ बेग, पुनीत चौहान आदि उपस्थित थे। आगामी 23 मई को भूकेल में आयोजित शिविर में पुनः लाभान्वित बच्चों को सहायक किट वितरण किया जाएगा।



## समाज के लिए रीति-नीति, रोजगार, शिक्षा व सतनाम संस्कृति पर की चर्चा

# सतनामी समाज ग्राम कमेटी बेलसोंडा का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बेलसोड़ा परिक्षेत्र के अध्यक्ष गोवर्धन बांधे व सचिव राकेश जांगड़े के अगुवाई व ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती की अध्यक्षता में ग्राम बेलसोड़ा में समाजजनों की बैठक हुई। जिसमें ब्लाक सचिव गणेश टण्डन ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ग्राम इकाई गठन को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यूथ दिनेश बंजारे की महती कार्ययोजना बताया। जिसमें जिला, ब्लॉक एवम अठगवा परिक्षेत्र के प्रत्येक ग्राम तक समाज के लिए रीति नीति, रोजगार, शिक्षा व सतनाम संस्कृति के अनुरूप जीवनशैली, शुद्ध शाकाहारी जीवन, नशामुक्त समाज निर्माण व संगठानात्मक कार्यों का विवेचना करते हुए ग्राम कमेटी के निर्माण एवम उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष दाऊ विजय बंजारे के नेतृत्व व सक्रियता को अनुकरणीय बताया। बाद ग्राम कमेटी गठन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से संरक्षक देवशरण बघेल, अध्यक्ष निरंजन बघेल, उपाध्यक्ष धरमवीर कोसले, लेमदास कोसले, सचिव मनीष लहरे, सहसचिव चेतन बघेल, कोषाध्यक्ष मोहन कोसले, मीडिया प्रभारी योगेश मन्नाडे, सदस्य बसंती बघेल, रोशनी, रामबाई, सत्यनारायण, धीरेंद्र बघेल, संतोष का मनोनयन किया गया। बैठक को राकेश जांगडे सचिव, गोवर्धन बांधे अध्यक्ष बेलसोड़ा परिक्षेत्र व चित्रकुमार भारती ब्लॉक अध्यक्ष ने संबोधित किया। ब्लाक प्रवक्ता पुरणसिंग बघेल ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को संगठन के बायलॉज से अवगत कराया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन बघेल ने सदैव समाज हित में सर्वसम्मति से दोषमुक्त कार्य करने की बात कहीं। बाद जैतखाम पर मंगल आरती व प्रसादी वितरण किया गया। बैठक में पूना राम मिरी, गज्जू सोनवानी, राजकुमार बघेल, रामबाई, रोशनी, रीवा, महेश्वर जोगी संतोष, लेनदास नंन्दू, खेमराज कोठारी, गौरव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी मोहित सोनवानी मीडिया प्रभारी ने दी है।

